जबलपुर | सोमवार | 27 अप्रैल 2026 | वर्ष 77 | अंक 94 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00

navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से


# डिनर पार्टी में ट्रंप पर फायरिंग

- हमले का ईरान से कोई संबंध नहीं है : डोनाल्ड ट्रंप
- कैलिफोर्निया का रहने वाला है हमलावर एलन

**वाशिंगटन, 26 अप्रैल. अमेरिकी की राजधानी वाशिंगटन डीसी के हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान वंहा चार से पांच राउंड फायरिंग हुई. इस डिनर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी थे.**

डोनाल्ड ट्रंप पर 2016 से 26 के बीच में अब तक तीन बार हमला हो चुका है. इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने वहां से डोनाल्ड ट्रंप को तुरंत स्टेज से उतार दिया. इसके अलावा डिनर में ट्रंप की पत्नी मिलेनिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ट्रंप के कैबिनेट के सदस्य भी वहां मौजूद थे. ट्रंप सुरक्षित हैं. कैबिनेट के सदस्य भी ठीक हैं. ये गोलीबारी क्यों हुई, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. हालांकि सूत्रों के अनुसार शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा कि सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई और सुरक्षा कर्मियों ने अच्छा काम किया. इस हमले का किसी अंतरराष्ट्रीय ताकत, खासकर ईरान से कोई संबंध नहीं है. हमलावर का नाम टॉमस एलन है वह कैलिफोर्निया का रहना वाला है. अधिकारियों ने कहा हमलावर अकेला था. वहीं, ट्रंप ने कहा कि हमले का ईरान से कोई संबंध नहीं है.





### लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं : मोदी

वॉशिंगटन डीसी के होटल में हुई गोलीबारी की घटना की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करके कड़ी निंदा की. उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं. सभी के सुरक्षित होने की सूचना मिलने को राहत की सांस वाली खबर बताई. पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है और इसे पूरी तरह से खारिज किया जाना चाहिए साथ ही उन्होंने उनके लगातार सुरक्षित रहने की कामना भी की.

# टीएमसी के गुंडों का हिसाब होगा : मोदी

- पीएम ने आरामबाग रैली में टीएमसी पर साधा निशाना
- 15 साल में टीएमसी ने जनता का भरोसा खोया

**आरामबाग, 26 अप्रैल. नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले आरामबाग में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का गुस्सा अब चरम पर है और यह बदलाव का संकेत है.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 साल के शासन में टीएमसी ने जनता का भरोसा खो दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पर गुंडों का प्रभाव है और कई मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही कार्रवाई होती है.



शिक्षक भर्ती घोटाले और संदेशखाली जैसे मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की विश्वसनीयता शून्य हो चुकी है.

उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि बंगाल में मतदान के सभी पिछले रिकॉर्ड टूट जाएंगे, और बंगाल की जनता ने 23 अप्रैल को इसे सच कर दिखाया. अब आपको 23 अप्रैल को बने रिकॉर्ड को तोड़ना होगा. जनता के मिजाज का अंदाजा न लगा पाने वाले लोग भारी संख्या में मतदाताओं के आने से हैरान हैं. टीएमसी नेता चिंतित हैं क्योंकि उन्होंने इतनी भारी संख्या में मतदान की उम्मीद नहीं की थी. उन्होंने कहा कि आज बंगाल की हर महिला कह रही है, अब और नहीं... अब 4 मई के बाद टीएमसी के हर गुंडे, हर अत्याचारी और हर भ्रष्टाचारी का हिसाब होगा, और चुन-चुन कर हिसाब होगा.

## एक नजर में

### टेकऑफ के दौरान टायर ब्लास्ट, यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार-रविवार की रात स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस के ज्यूरिख जा रहे विमान का एक टायर फट गया. पूर्ण आपात स्थिति की घोषणा कर सभी 230 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतारा गया.दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जारी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि यह घटना रनवे 28 पर हुई. उड़ान संख्या एलएक्स-147 दिल्ली से ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन हादसे के कारण टेकऑफ टाल दिया गया।

# अमेरिका ने रोका ईरानी जहाज

**ईरान-अमेरिका तनाव चरम पर, समुद्र में टकराव**

**अरब सागर में अमेरिकी कार्रवाई से बढ़ा तनाव**

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में हालात बेहद संवेदनशील हो गए हैं. ताजा घटनाक्रम में अमेरिकी नौसेना ने अरब सागर में ईरान से जुड़े एक 'शैडो फ्लीट' जहाज को रोक दिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सैन्य तनाव और बढ़ गया है.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान की ओर से नया शांति प्रस्ताव मिला है, जो पहले की तुलना में बेहतर है. वहीं ईरान ने अमेरिका की शर्तों को 'अत्यधिक मांगें' बताते हुए उन्हें स्वीकार करने से इनकार कर दिया है. मध्यस्थता के प्रयासों के तहत पाकिस्तान और ओमान में बैठकों का दौर भी चला, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है. दूसरी ओर, इजरायल ने भी क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर दी है, जिससे स्थिति और जटिल होती जा रही है.इस बीच कूटनीतिक मोर्चे पर भी हलचल जारी है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान की ओर से नया शांति प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जो पहले से अधिक लचीला है.

# सुरक्षा और सहयोग पर अहम चर्चा

- अजीत डोभाल ने यूएई के राष्ट्रपति से की मुलाकात
- भारत और यूएई के बीच रक्षा ऊर्जा, व्यापार हो रहा मजबूत

**अबू धाबी, 26 अप्रैल. भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम सामने आया है.**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रविवार को यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की, जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय हालात और आपसी सहयोग से जुड़े कई



अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूएई के बीच रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहराई देने पर सहमति जताई. भारतीय दूतावास द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया अनुसार, अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन भी पहुंचाया. बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया.



# कोलंबिया : बस धमाके में 7 की मौत

**कोलंबिया, 26 अप्रैल.** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक दर्दनाक घटना में बस धमाके से सात लोगों की मौत हो गई और 17 से अधिक लोग घायल हो गए. यह विस्फोट कोलंबो क्षेत्र में पैन-अमेरिकन हाईवे पर चल रही एक बस में हुआ.कौका प्रांत के गवर्नर ओक्टाविओ गुज़मान ने बताया कि बस के सफर के दौरान ही विस्फोटक उपकरण सक्रिय किया गया. वहीं, कोलंबिया की सशस्त्र सेनाओं के कमांडर ह्यूगो लोपेज ने इस घटना को आतंकवादी हमला बताया. प्रारंभिक जांच में इस हमले के पीछे ईवन मोरडिस्को से जुड़े नेटवर्क और जैमे मार्टिनेज समूह पर शक जताया गया है.ये दोनों गुट पहले आर्म्ड फोर्सेज ऑफ कोलंबिया के सदस्य रहे हैं.




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Also Available on: Flipkart amazon.in

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. *Limited period offer, T&C apply.*Ex-showroom price of HF Dlx kick variant in Madhya Pradesh. #T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.